आकाशवाणी श्री विजयपुरम

09.08.2025 समय : 1850

- वायु सेना प्रमुख ए. पी. सिंह ने कहा–कि ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय वायुसेना ने पांच लड़ाकू विमानों सहित एक अवाक्स पाकिस्तानी विमान मार गिराए।
- प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने तेईसवें राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस पुरस्कार दो हजार छब्बीस के लिए योजना दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं।
- प्रशासन द्वारा "अंडमान और निकोबार द्वीप समूह अपार्टमेंट स्वामित्व विनियमन, दो हजार पच्चीस" को अंतिम रूप देने की तैयारी।
- स्वराज द्वीप स्थित राधानगर क्षेत्र में सरकारी जमीन की सुरक्षा के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया।

<><><><><><><>

वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी. सिंह ने कहा है कि भारत ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान के पाँच लड़ाकू विमान मार गिराए। बेंगलुरु में आज आयोजित सोलवें एयर चीफ मार्शल एल. एम. कात्रे व्याख्यान को संबोधित करते हुए वायु सेना प्रमुख ने कहा कि भारत ने पाकिस्तानी वायु सेना के पाँच विमान और एक अवाक्स विमान मार गिराया। उन्होंने कहा कि कम से कम पाँच लड़ाकू विमानों को मार गिराने की पुष्टि हुई है। उन्होंने शाहबाज़ जैकबाबाद हवाई अड्डे पर हुए हमलों का भी ज़िक्र किया, जिसमें हमारी मिसाइलों ने एफ–16 जैसे कुछ विमानों को नष्ट कर दिया था। उन्होंने बताया कि भारतीय हमले सोच–समझकर किए गए थे और तीनों सेनाओं के बीच पूर्ण समन्वय था। वायु सेना प्रमुख ने कहा कि हमारी वायु रक्षा प्रणालियों ने शानदार काम किया।

<><><><><><><>

प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ने तेईसवें राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस पुरस्कार दो हजार छब्बीस के लिए योजना दिशा निर्देश जारी कर दिए हैं। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय ने एक बयान में कहा है कि राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस पुरस्कारों के लिए नामांकन एक सितंबर से वेब पोर्टल www.nceg.gov.in पर जमा किए जा सकते हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि पन्द्रह अक्टूबर है। राष्ट्रीय ई–गवर्नेंस पुरस्कार के अंतर्गत ई–गवर्नेंस पहलों के कार्यान्वयन में उत्कृष्टता को सम्मानित और प्रोत्साहित करने के लिए प्रतिवर्ष प्रदान किए जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य महत्वपूर्ण उपलब्धियों को मान्यता देना, प्रभावी प्रथाएं साझा करने को बढ़ावा देना और डिजिटल गवर्नेंस में नवाचारों को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><>

अंडमान और निकोबार प्रशासन ने "अंडमान और निकोबार द्वीप समूह अपार्टमेंट स्वामित्व विनियमन, दो हजार पच्चीस" को अंतिम रूप देने की तैयारियाँ कर ली हैं। जिसका उद्देश्य इन द्वीपों के निवासियों के लाभ के लिए फ्लैटों और अपार्टमेंटों के व्यक्तिगत पंजीकरण को सुगम बनाना है। प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों के साथ समन्वय में यह रेगुलेशन का ड्राफ्ट तैयार किया है। इस पहल का उद्देश्य केंद्र शासित प्रदेश में अपार्टमेंट स्वामित्व और पंजीकरण प्रक्रियाओं को नियमित और सुव्यवस्थित बनाना है। पारदर्शिता और समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए, प्रशासन आम जनता, विशेष रूप से रियल एस्टेट और आवास क्षेत्र से जुड़े हितधारकों के विचारों और सुझावों को शामिल करने का इच्छुक है। प्राप्त सुझावों पर रेगुलेशन के ड्राफ्ट को अंतिम रूप देने से पहले विचार किया जाएगा। यह पहल अपार्टमेंट मालिकों के हितों की रक्षा और आवास क्षेत्र में बेहतर प्रशासन सुनिश्चित करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है।

<><><><><><><>

स्वराज द्वीप स्थित राधानगर क्षेत्र में सरकारी जमीन की सुरक्षा के लिए अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान सरकारी की दो हजार दो सौ वर्ग मीटर ज़मीन पर वृक्षारोपण और अस्थायी शेड लगाए गए थे, जिन्हें राजस्व अधिकारियों और प्रवर्तन कर्मचारियों ने हटा दिया है। इसके साथ ही आम जनता से अपील भी की है कि वे बिना अनुमति के सरकारी भूमि पर कब्जा न करें। दक्षिण अंडमान के उपायुक्त ने आम जनता से कहा है कि नागरिक इस मामले में प्रशासन का सहयोग करें और किसी भी शिकायत के लिए जिला नियंत्रण कक्ष से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><>

अंडमान लॉ कॉलेज में शैक्षणिक वर्ष दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए बी.ए.एल.एल.बी. में प्रवेश के लिए अभ्यर्थियों की अंतिम मेरिट सूची ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल collegeadmission.andaman.gov.in पर प्रकाशित कर दी गई है। काउंसलिंग की तिथि जल्द ही घोषित की जाएगी।

<><><><><><>

जिला परिषद अध्यक्ष प्रकाश अधिकारी ने आज कैम्पबेल बे का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने जोगिंदर नगर में चिल्डर्नस पार्क और शवदाह गृह में शेड का उद्घाटन किया। इसके अलावा श्री अधिकारी ने आज शाम मिनी स्टेडियम में डे एण्ड नाईट खेल सुविधा का उद्घाटन किया। इस अवसर पर दक्षिण अंडमान उपाध्यक्ष भूमिनाथन, पंचायत समिति प्रमुख ई एस राजेश और पंचायत प्रधान प्रहलाद सिंह उपस्थित थे।

<><><><><><>

जी.एम.एस मंगलूटन में सी.आर.सी मंगलूटन के छात्रों के लिए तीन दिवसीय शतरंज प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। स्कूल परिसर में आयोजित पहले दिन के प्रशिक्षण में जी.एम.एस मंगलूटन के पचास छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम का उद्घाटन जी.एम.एस मंगलूटन की प्रधानाध्यापिका आर. सुलोचना ने किया। उन्होंने कहा कि शतरंज केवल एक खेल नहीं है बल्कि एकाग्रता, आलोचनात्मक सोच और समस्या–समाधान क्षमताओं को बढ़ाने का एक शक्तिशाली साधन है। ग्यारह अगस्त को यह प्रशिक्षण जी.एम.एस हम्फ्रीगंज के छात्रों के लिए भी आयोजित किया जाएगा जिससे अधिक संख्या में छात्र कार्यक्रम से लाभान्वित हो सकें।

<><><><><><>

सहकारिता विभाग ने मत्स्यपालन विभाग के सहयोग से कल मत्स्य पालन प्रशिक्षण केंद्र में "द्वीपसमूह में मत्स्य सहकारी समितियों के पुनरोद्धार" पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में प्रबंध समिति के सदस्यों और दक्षिण अंडमान की विभिन्न मत्स्य सहकारी समितियों के सदस्यों ने भाग लिया। कार्यक्रम में मत्स्य पालन के संयुक्त निदेशक डॉ. के. गोपाल, सहकारी समितियों के सहायक रजिस्ट्रार बशीर अहमद, सहायक निदेशक मत्स्य पालन अमलातीबन और सहायक निदेशक मत्स्य पालन भार्गव चक्रवर्ती उपस्थित रहे। डॉ. के. गोपाल ने निष्क्रिय हो चुकी मत्स्य सहकारी समितियों को पुनर्जीवित करने की बात कही। उन्होंने प्रधानमंत्री मत्स्य किसान समृद्धि योजना के अन्तर्गत मिलने वाले अवसरों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस योजना के अंतर्गत छब्बीस प्राथमिक मत्स्य सहकारी समितियों के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु उत्तर एवं मध्य अंडमान जिला मत्स्य महासंघ से एक क्लस्टर–आधारित व्यवसाय संगठन केंद्र शासित प्रदेश के लिए नियुक्त किया गया है।

<><><><><><>

पशुपालन एवं पशु चिकित्सा सेवा विभाग ने पिछले दिनों जंगलीघाट स्थित पशु चिकित्सालय के अंतर्गत रांची बस्ती की वार्ड संख्या–पन्द्रह में एक पशु चिकित्सा स्वास्थ्य एवं बांझपन शिविर का आयोजन किया। इस पहल का उद्देश्य मवेशियों में बांझपन की समस्याओं का समाधान करना और पशुधन उत्पादकता बढ़ाना था। इस शिविर में व्यस्क गायों, बछियों और बछड़ों सहित कई मवेशियों की जाँच और उपचार किया गया।

**<><><><><><><>**

डॉ. बी. आर. अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान, श्री विजय पुरम के शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए विभिन्न विभागों में अतिथि संकायों और अंशकालिक प्रशिक्षकों की भर्ती हेतु चौदह अगस्त से साक्षात्कार होंगे। पात्र उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि वे अपनी शैक्षणिक योग्यता और अनुभव की प्रतियों के साथ अपना बायोडाटा चौदह अगस्त तक शैक्षणिक प्रकोष्ठ, डी.बी.आर.ए.आई.टी, श्री विजयपुरम में जमा करें। उम्मीदवारों को साक्षात्कार के समय सत्यापन के लिए अपने मूल दस्तावेज भी साथ लाने होंगे। विवरण संस्थान की वेबसाइट dbrait.andaman.gov.in से डाउनलोड किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**